आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 21.02.2026 समय: 02.10PM

मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया जिले की तहसील सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम में 532 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 299 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत से पूरे हुए 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और 233 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत के 21 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

अमित शाह–असम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुवाहाटी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल– सी.आर.पी.एफ. की स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। उन्होंने यहां 10वीं असम पुलिस बटालियन की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि "देश को सुरक्षित करने का काम सीआरपीएफ के जवानों ने किया है।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

मुख्य न्यायाधीश – साइबर सुरक्षा

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दीर्घकालिक साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नागरिक शिक्षा को एक अनिवार्य घटक के रूप में लेना आवश्यक है। कल जयपुर के राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित तीन दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा एक सामूहिक प्रतिबद्धता है, इसको पूरा करने के लिए सरकार, न्यायपालिका और समाज को मिलकर काम करना होगा।

मतदाता सूची

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में आज आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति प्रदान की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान भोपाल, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, धार, इंदौर, रायसेन, उज्जैन, सागर और छतरपुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

रक्तदान

खण्डवा–जिले में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा प्रारंभ की है। कलेक्टर ने बताया कि ओंकारेश्वर में रक्तदान करने वाले दर्शनार्थियों को मंगल और शनिवार को ज्योतिर्लिंग मंदिर में निःशुल्क वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह व्यवस्था 24 फरवरी से प्रारंभ होगी।

संक्षिप्त समाचार

- धार जिले के पीथमपुर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
- शिवपुरी जिले के ग्राम सिरसौद में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कल वृद्धजनों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया।
- उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मैहर सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।
- झाबुआ जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 के बाद फोटो वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन किया गया।
- रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026–27 अंतर्गत आगरमालवा जिले में भी चना एवं मसूर का पंजीयन 16 मार्च तक किया जाएगा।